संख्या शिक्षा ई०डी०एन–एच(23)1–3/12–13–जनरल स्मरण पत्र–1
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,
शिमला, हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक शिमला–171001 मई, 2015

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
30 MAY 2015
शिमला - 1

सेवा में

समस्त उप शिक्षा निदेशक (प्रारम्भिक)
हिमाचल प्रदेश ।
समस्त प्रधानाचार्य,
डाईट हिमाचल प्रदेश ।

विषयः– अधिकारियों एवंम लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2014–15 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट भेजने बारे ।

ज्ञापनः–

उपरोक्त विषय पर आपका ध्यान इस निदेशालय के पत्र संख्या शिक्षा ई०डी०एन–एच(23)(प्रार.)1–3/12–13 जनरल दिनांक 25.04.2015 की ओर आकृष्ट किया जाता है :–

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों एंवम लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2014–15 की गोपनीय रिपोर्ट लिखने बारे सरकार द्वारा निर्धारित की गई समय सारणी के अर्न्तगत अप्रैल माह में सभी कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय को प्रेषित की जानी है। लेकिन अभी तक केवल कुछ ही शिक्षा संस्थानों से अधिकारी/लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2014–15 की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय में प्राप्त हुई है । तथा किसी भी शिक्षा संस्थान से गोपनीय रिपोर्ट के सम्बन्ध में;Completion Certificate) प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है । निदेशालय को गोपनीय रिपोर्ट भेजने बारे दिनांक 10.05.2015 की तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन शिक्षा निदेशालय से जारी किये गये निर्देशों की अवहेलना की जा रही है तथा गोपनीय रिपोर्ट समय पर न भेजने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धी मामले निपटाने में अनावश्यक बिलम्ब हो रहा है । इसके अतिरिक्त अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट alphabetically/ Catagory Wise करने के उपरान्त निदेशालय को प्रेषित की जाये। निदेशालय स्तर पर प्राप्त गोपनीय रिपोर्ट की जांच पर पाया गया है कि कुछ कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा गलत भरी गई है तथा सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशक(प्रार.) द्वारा भी गोपनीय रिपोर्ट की जांच नही की जा रही है ।

अतः उपरोक्त सम्बन्ध में सभी उप शिक्षा निदेशकों को निर्देश दिये जाते है कि अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों तथा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट पूर्ण करके दिनांक 05.06.2015 से पूर्व निदेशालय को प्रेषित की जाये तथा गोपनीय रिपोर्ट के सम्बन्ध में (Completion Certificate) प्रमाण पत्र भी दिया जाये कि अपने जिले के अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवम् लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2014–15 की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय को प्रेषित कर दी गई है तथा कोई भी गोपनीय रिपोर्टस लम्बित नहीं है । गोपनीय रिपोर्टस से सम्बन्धित प्रमाण पत्र दिनांक 10.06.2015 से पूर्व निदेशालय को प्रेषित कर दिया जाये अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी ।

इसे अतिआवश्यक समझा जाये ।

अति. ~~शिक्षा~~ निदेशक